# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/10044
दिनांक : 13.01.2026

## अधिसूचना/समयबद्ध/महत्वपूर्ण

एतद्द्वारा समस्त महाविद्यालयों/छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की सत्र 2025–26 में स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों (स्नातक NEP एवं ऐसे पाठ्यक्रम जिनके परीक्षा प्रवेश पत्र निर्गत हो चुके हैं, को छोड़कर) में नवप्रवेशित छात्रों की **प्रथम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा (दिसम्बर 2025)** के विषय कोड एवं परीक्षा फार्म **समर्थ पोर्टल** के माध्यम से निम्नलिखित तिथियों में भरे जाने हैं।

| क्र0सं0 | समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | महाविद्यालयों/विभागो द्वारा समर्थ पोर्टल पर विषय कोड का चयन करने की अवधि | 14.01.2026 से 16.01.2026 तक |
| 2 | छात्रों द्वारा समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि– | 17.01.2026 |
| 3 | छात्रों द्वारा ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि– | 22.01.2026 |
| 4 | महाविद्यालयों द्वारा समर्थ पोर्टल पर परीक्षा फार्म ऑनलाइन सत्यापन (कन्फर्म) करने की अन्तिम तिथि– | 24.01.2026 |
| 5 | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा नॉमिनल रोल (NR) सहित परीक्षा फार्म (NR के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि– | 27.01.2026 |
| 6 | छात्रों के परीक्षा प्रवेश पत्र निर्गत होने की तिथि | 25.01.2026 |
| 7 | परीक्षायें आरम्भ होने की तिथि | 28.01.2026 |

नोटः–

- **समर्थ पोर्टल पर निर्धारित अवधि के पश्चात विषय कोड चयन एवं परीक्षा फार्म भरना अनुमत नहीं है इसलिए समस्त महाविद्यालयों/छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त तिथियों के भीतर ही विषय कोड चयन एवं परीक्षा फार्म भरना/सत्यापित कराना सुनिश्चित करें।**
- **ऐसे पाठ्यक्रम जिनके प्रवेश पत्र निर्गत हो चुके हैं, के परीक्षा फार्म नहीं भरे जायेंगे।**
- **एम0एड0, एम0पी0एड0 एवं एल0एल0एम0 पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने हेतु अलग से विज्ञप्ति निर्गत की जायेगी।**

**परीक्षा फार्म भरने की सम्पूर्ण प्रक्रिया समर्थ पोर्टल/विश्वविद्यालय द्वारा जारी नामांकन संख्या (Enrolment Number) के माध्यम से की जानी है अतः छात्र अपने नये नामांकन संख्या (Enrolment Number) का प्रयोग कर परीक्षा फॉर्म हेतु समर्थ पोर्टल के लिंक https://ccsuniversity.samarth.edu.in पर लॉग ईन कर सकते हैं। यदि किसी छात्र के पास नई नामांकन संख्या (Enrolment Number) किसी कारणवश प्राप्त नहीं हुई है तो वह अपने महाविद्यालय से संम्पर्क कर नई नामांकन संख्या (Enrolment Number) प्राप्त कर सकता है। महाविद्यालय द्वारा नई नामांकन संख्या (Enrolment Number) समर्थ पोर्टल से डाउनलोड करने की प्रक्रिया इस पत्र के साथ संलग्न है।**

**<u>छात्र फार्म भरने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को अनिवार्य रूप से पढें।</u>**

1. सर्वप्रथम विद्यार्थी **https://ccsuniversity.samarth.edu.in** लिंक Open करें।

2. सत्र 2025–26 में स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में नवप्रवेशित विद्यार्थी पहले से पोर्टल पर registered है तो वह सीधे समर्थ पोर्टल/विश्वविद्यालय के माध्यम से जारी अपने नये Enrollment Number (e.g. M25XXXXXX) एवं Password से लॉगिन कर सकता है अन्यथा विद्यार्थी को पहले New Registration पर click करके Registration करना होगा।
3. New Registration के लिए विद्यार्थी को अपना पाठ्यक्रम, नाम एवं Enrollment Number फॉर्म में भरकर submit पर click करना होगा जिसके उपरान्त विद्यार्थी की registered ईमेल आइडी पर प्राप्त OTP को फॉर्म में भरकर submit पर click करना होगा।
4. OTP verify होने के उपरान्त विद्यार्थी को लॉगिन पासवर्ड create कर submit पर click करना होगा जिससे विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर registered हो जाएगा।
5. परीक्षा फॉर्म भरने के लिए विद्यार्थी को समर्थ ई0आर0पी0 के स्टूडेंट पोर्टल (https://ccsuniversity.samarth.edu.in) पर लॉगिन करने के उपरान्त Examination पर click करना होगा ।
6. Examination Section में दिए गए Registration link पर click करना होगा।
7. Examination-Registration में दिए "*CLICK HERE FOR EXAMINATION FORM*" लिंक पर click करना होगा ।
8. जिसके उपरान्त परीक्षा फॉर्म open होगा। परीक्षा फॉर्म में दिए गए PwD विकल्प को भरकर Course Check करके submit पर click करना होगा। submit पर click करने से पूर्व विद्यार्थी अपने आवंटित पेपर/विषयों का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर लें क्योंकि परीक्षा फॉर्म भरने के उपरान्त विषयों में किसी भी प्रकार का सुधार/update सम्भव नहीं होगा।
9. Submit करने के उपरान्त विद्यार्थी को Click here for payment पर क्लिक कर परीक्षा शुल्क online माध्यम से जमा करना होगा। online परीक्षा शुल्क जमा होने के उपरान्त विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म प्रिन्ट कर सकते हैं।

**<u>महाविद्यालय द्वारा समर्थ पोर्टल पर परीक्षा फॉर्म को सत्यापित (verify) करने की प्रक्रिया</u>**

1. महाविद्यालय को समर्थ पोर्टल (https://ccsuniversity.samarth.edu.in) पर अपने College User Id एवं पासवर्ड से लॉगिन करना होगा।
2. लॉगिन करने के उपरान्त Dashboard पर उपलब्ध Programmes में Proceed पर क्लिक करना होगा।
3. Proceed करने के उपरान्त Examination Section में Launch पर क्लिक करना होगा।
4. Examination Section में "*2025-2026-Odd Semeste :REGULAR*" पर क्लिक करना होगा।
5. "*2025-2026-Odd Semeste:REGULAR*" में उपलब्ध Student के Launch पर क्लिक करना होगा।
6. Student Section में Programme Wise के Launch पर क्लिक करना होगा।
7. सम्बद्ध महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की लिस्ट में पाठ्यक्रमवार Course Verification पर क्लिक करना होगा ।
8. परीक्षा फॉर्म भर चुके विद्यार्थियों की लिस्ट में प्रत्येक विद्यार्थी का परीक्षा फार्म Verify करना सुनिश्चित करें।

**महत्वपूर्ण–** 1. कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी का कोई परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया गया जायेगा।
2. परीक्षार्थी के परीक्षा फार्म के साथ समस्त सत्यापित अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि :–**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)/समन्वयक रिजल्ट सेल/प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
6. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
7. नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
9. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
10. गार्डफाइल।

13/01

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**